1 फरवरी 2013

जिला प्रशासन का गांव पबनावा (खण्ड पूण्ड़री) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1. इंदिरा प्रिय दर्शिनी विवाह शगुन योजना के तहत 27 परिवारों को चैक प्रदान किए गए।

2. मकान अनुदान योजना के तहत 24 परिवारो के खातों में 12 लाख रूपए की राशि सीधे जमा करवाई गई।

3 उपमंडलाधीश कार्यालय द्वारा 100 लर्नर ड्राइविंग लाईसैंस बनाए गए।

3. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 29 नए राशन कार्ड बनाए गए।

4. जिला प्रशासन के जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत पबनावा गांव में 1152 पानी के कनैक्शन नियमित किए गए।

5. स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनभर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में तैनात चिकित्सों द्वारा 481 लोगों का उपचार किया गया।

6. पशुपालन विभाग द्वारा लगाए गए शिविर के माध्यम से 539 पशुओं का उपचार किया गया।

8. राजस्व विभाग द्वारा 20 इंतकाल किए गए।

9. समाज कल्याण विभाग द्वारा 35 वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के फार्म स्वीकार किए गए।

11. चुनाव विभाग द्वारा 150 युवकों के नए वोट बनाए गए।

12. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 50 लोगों को कानूनी परामर्श दिया गया।

12. ओपी जिंदल ग्रामीण जन संस्थान द्वारा 160 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की गई।

13. जिला बाल संरक्षण समिति द्वारा गांव में बच्चों के अधिकार सुरक्षित करने के लिए सरपंच की अध्यक्षता में ग्राम स्तरीय समिति का गठन किया गया।

15. गांव के निकट तालाब से गंदे पानी की निकासी करने के साथ–साथ यहां एक चैम्बर बनाए जाने की घोषणा की गई।